कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम,गोण्डा
अनुपम प्लाजा, कचेहरी रोड, सिविल लाइन, गोण्डा

पत्रांक :–1288 /नीलाम विज्ञप्ति/2026–27 दिनॉक 5/11/26

ई–नीलाम सूचना

"सर्व साधारण एवं इच्छुक क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि गोण्डा, बलरामपुर, अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर वन प्रभागों से प्राप्त सी–1/सी–17 स्टाक की लाटों तथा अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–4, गोण्डा के कार्यालय परिसर में लगे व गिरे मिश्रित खड़े वृक्षों का ई–नीलाम दिनांक **09.11.2026 को "जहॉ हैं जैसे हैं" के आधार पर सम्पन्न कराया जायेगा।** इच्छुक क्रेतागण उक्त खड़े वृक्ष एवं सी–1/सी–17 स्टाक की लाटों को विधिवत देखकर ही बोली दें, बोली स्वीकार होने के पश्चात कोई भी आपत्ति/प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–4, गोण्डा के खड़े वृक्ष के लाट की बिक्री होने के पश्चात क्रेता द्वारा क्रय किये गये वृक्षों का वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 व अभिवहन नियमावली 1978 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नियमानुसार वन विभाग से पातन/अभिवहन अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही वृक्षों का कटान व ढुलान करना होगा।

विभिन्न वन प्रभागों के सी–1/सी–17 स्टाक की लाटों एवं खड़े वृक्ष के लाट की विक्रय सूची उ0प्र0 वन निगम के वेबसाइट www.upforestcorporation.co.in पर उपलब्ध है तथा विक्रय सूची किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय या डिपो से प्राप्त कर सकते है। नीलाम की शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(ललिता प्रसाद)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा

पत्रांक 1288 /तददिनांकित

प्रतिः–सम्पादक, हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स, लिमिटेड गोण्डा से अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के **लखनऊ संस्करण** में कम से कम स्थान में डी0ए0वी0पी0 दर पर दिनांक 06.11.2026 में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल पर इस प्रभाग का **जी0एस0टी0 नं0–09AAATU3944K1Z1** दर्ज कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। बिल की राशि रू0. 2500/–(रू0. दो हजार पाच सौ मात्र) के समकक्ष हो, इसका ध्यान रखा जाए।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
गोण्डा

पत्रांकः– 1288 /तदिनांकित

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
2 महाप्रबन्धक (विपणन)/(उत्पादन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
3 क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम गोरखपुर।
4 अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–4, गोण्डा।
5 विक्रय अधिकारी (विपणन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
6 प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग गोण्डा, बलरामपुर, अम्बेडकरनगर व अयोध्या।
7 समस्त प्रभागीय लौगिंग/विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम।
8 प्रभारी अधिकारी (कम्प्यूटर अनुभाग) उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि ई0आर0पी0 पर नीलाम के सम्बन्ध में सूचना की स्लाइड चलाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।
9 समस्त डिपो अधिकारी विक्रय प्रभाग गोण्डा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त नीलाम का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और अधिक से अधिक क्रेताओं को नीलाम में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।
10 प्रभागीय लेखाकार कार्यालय–प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा।
11 नोटिस बोर्ड।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
गोण्डा